# 1 इतिहास प्रैक्टिस पेपर

**1. निम्नांकित के कालानुक्रम पर विचार करें–**
**1. कैबिनेट मिशन**
**2. साइमन कमीशन**
**3. क्रिप्स मिशन**
**4. पूना पैक्ट**
**कूट :**
(a) 1, 2, 3
(b) 2, 4, 3
(c) 4, 3, 2
(d) 3, 1, 4

**2. 'फ्रंटियर गाँधी' पद के साथ कौन सम्बन्धित हैं ?**
(a) मो. क. गाँधी
(b) अब्दुल वली खाँ
(c) खान अब्दुल गफ्फार खाँ
(d) लाला लाजपत राय

**3. 'मदर इंडिया' पुस्तक लिखी गई थी–**
(a) कैथरीन मेयो द्वारा
(b) लाला लाजपत राय द्वारा
(c) बाल गंगाधर तिलक द्वारा
(d) विपिन चंद्र पाल द्वारा

**4. निम्न कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**
**1. सुभाष चंद्र बोस ने फॉरवर्ड ब्लॉक का गठन किया।**
**2. भगत सिंह हिंदुस्तान रिपब्लिकन सोशलिस्ट एसोसिएशन के संस्थापकों में से एक थे।**
**कूट :**
(a) केवल 1सही हैं
(b) केवल 2 सही हैं
(c) 1 एवं 2 दोनों सही हैं
(d) उपर्युक्त में कोई भी सही नहीं है

**5. कांग्रेस के लिए समर्थन प्राप्त करने के लिए 1889 ई. में एक समिति स्थापित की गई। निम्न में से उस समिति का सभापति था–**
(a) सर डब्ल्यू. वेडरबर्न
(b) मि. डिग्बी
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) डब्ल्यू. सी. बनर्जी

**6. 'इस मिसाल में हम मुसलमानों को हिंदुओं से भिड़ा नहीं पाए।''**
**निम्नलिखित में से कौन-सी एक घटना से एचिंसन के इस कथन का संबंध है?**
(a) 1857 का विप्लव
(b) चंपारन सत्याग्रह (1917)
(c) खिलाफत और असहयोग आंदोलन (1919-22)
(d) 1942 की अगस्त क्रांति

**7. निम्न कथनों पर विचार कीजिए जो अलाउद्दीन खिलजी से संबंधित है–**
**(i) उसने कृष्ट जमीनों की पैमाइश के बाद जमीन की मालगुजारी वसूल की।**
**(ii) उसने लगान व्यवस्था को अपनी पूरी सल्तनत में लागू किया।**
**(iii) उसने प्रांतों के गवर्नरों के अधिकारों को समाप्त किया।**
**निम्न कोडिंग स्कीम में सही उत्तर चुनिए–**
(a) (i) व (ii) (b) (ii) व (iii)
(c) (i) व (iii) (d) (i), (ii) व (iii)

**8. निम्न में से कौन-सा एक भारत में उत्पन्न सबसे बाद वाला बौद्ध धर्म का ग्रंथ है?**
(a) दिव्य वंदना
(b) दोहाकोसा
(c) वज्रछेदिका
(d) वासंथपकासिनी

**9. रेग्युलेटिंग एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत, बिहार के लिए एक प्रांतीय सभा की स्थापना हुई–**
(a) 1772 में (b) 1774 में
(c) 1776 में (d) 1778 में

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**1. नरसिंह सालुव ने संगम वंश का अंत किया और उसने राजसिंहासन छीन कर सालुव वंश आरंभ किया।**
**2. वीर नरसिंह ने अंतिम सालुव शासक को गद्दी से उतारकर राजसिंहासन छीना।**
**3. वीर नरसिंह के उत्तरवर्ती उनके अनुज कृष्णदेव राय थे।**
**4. कृष्णदेव राय के उत्तरवर्ती उनके अर्द्ध-भाई अच्युतदेव राय थे।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) 1, 2 तथा 3 (b) 2, 3 तथा 4
(c) 1 तथा 4 (d) 1, 2, 3 तथा 4

**11. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही रूप में सुमेलित है?**
(a) दीवान-ए-बंदगान – फिरोज तुगलक
(b) दीवान-ए-मुस्तखराज – बलबन
(c) दीवान-ए-कोही – अलाउद्दीन खिलजी
(d) दीवान-ए-अर्ज – मुहम्मद तुगलक

**12. निम्नलिखित में से कौन चौरा-चौरी कांड की वास्तविक तिथि है?**
(a) फरवरी 5, 1922
(b) फरवरी 4, 1922
(c) फरवरी 2, 1922
(d) फरवरी 6, 1922

**13. चार्टर एक्ट, 1833 में निम्न प्रावधानों में से कौन-सा एक नहीं था?**
(a) ईस्ट इंडिया कंपनी की व्यापारिक गतिविधियों का समापन
(b) काउंसिल में परम सत्ताधिकारी के पदनाम को भारत के गवर्नर जनरल के पदनाम में बदलना
(c) काउंसिल में गवर्नर जनरल को विधिकर्त्ता की सभी शक्तियाँ प्रदान करना
(d) गवर्नर जनरल की काउंसिल में विधि सदस्य के रूप में एक भारतीय की नियुक्ति

**14. 'नेहरू रिपोर्ट' तैयार की थी–**
(a) एम.एल. नेहरू ने
(b) जे. नेहरू ने
(c) आर. के. नेहरू ने
(d) बी.एल. नेहरू ने

**15. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?**
(a) आधुनिक कोच्चि भारत की स्वतंत्रता तक डच उपनिवेश था।
(b) डचों ने पुर्तगालियों को पराजित किया और आधुनिक कोच्चि में उन्होंने फोर्ट विलियम का निर्माण किया।
(c) आधुनिक कोच्चि पहले डच उपनिवेश था जिस पर बाद में पुर्तगालियों का अधिकार हो गया।
(d) आधुनिक कोच्चि कभी भी ब्रिटिश उपनिवेश का भाग नहीं था

**16. निम्न व्यक्तियों ने भारत में विभिन्न समय पर राज्य किया। उनके राज के सही कालक्रम का, नीचे दिए गए कूट की सहायता से चयन कीजिए–**
**1. शेरशाह**
**2. अकबर**
**3. अलाउद्दीन खिलजी**
**4. रजिया सुल्तान**
**कूट :**
(a) 4, 1, 3, 2 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 4, 3, 1, 2 (d) 3, 4, 1, 2

**17. ईस्ट इंडिया कंपनी का अंतिम गवर्नर जनरल और क्राउन के अधीन पहला वायसराय था–**
(a) लॉर्ड एल्गिन
(b) लॉर्ड कैनिंग
(c) वारेन हेस्टिंग्स
(d) लॉर्ड डलहौजी

**18. वह कौन-सा प्रांत था जहाँ 1937 के आम निर्वाचन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को पूर्ण बहुमत नहीं प्राप्त हुआ था?**
(a) बंबई (b) असम
(c) उड़ीसा (d) बिहार

**19. भारतीयों को वर्ष 1947 में सार्वभौम सत्ता सौंपने की योजना निम्न में से किस नाम से जानी गई?**
(a) डूरंड योजना
(b) मार्ले-मिंटो सुधार
(c) माउंटबेटन योजना
(d) वेवेल योजना

**20. आजादी की पहली लड़ाई 1857 में किसने भाग नहीं लिया?**
(a) तात्या टोपे
(b) रानी लक्ष्मीबाई
(c) बहादुरशाह जफर
(d) भगत सिंह

**21. निम्नलिखित में से औरंगजेब का उत्तराधिकारी कौन था?**
(a) आजम (b) कामबख्श
(c) अकबर II (d) मुअज्जम

**22. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?**
(a) सुभाष चंद्र बोस – टूवर्ड्स स्ट्रगल
(b) ह्यूटोये – स्प्रिंगिंग टाइगर
(c) लुई फिशर – अमेरिकन विटनेस टू इंडियाज पार्टीशंस
(d) अबुल कलाम आजाद – इंडिया डिवाइडेड

**23. निम्न में से किसके अंतर्गत भारत में सर्वप्रथम सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई?**
(a) रेग्युलेटिंग अधिनियम 1773
(b) चार्टर अधिनियम 1853
(c) भारत सरकार अधिनियम 1935
(d) भारतीय संविधान अधिनियम 1950

**24. निम्नलिखित सुल्तानों में से कौन अन्न के ऊपर कर समाप्त करने के लिए जाना जाता है?**
(a) अलाउद्दीन खिलजी
(b) गियासुद्दीन तुगलक
(c) फिरोज तुगलक
(d) सिकंदर लोदी

**25. निम्न में से कौन-सा सुमेलित है?**
(a) लॉर्ड कार्नवालिस – स्थायी बन्दोबस्त
(b) लॉर्ड विलियम बैंटिक – विलयनीति
(c) लॉर्ड कैनिंग – सती प्रथा का अन्त
(d) लॉर्ड डलहौजी – सहायक सन्धि प्रणाली

**26. निम्नलिखित में से किस नेता ने 1906 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन की अध्यक्षता की थी?**
(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) अरविन्द घोष
(d) दादाभाई नौरोजी

**27. जवाबित का संबंध किससे था?**
(a) राज्य कानून से
(b) मनसब प्रणाली को नियंत्रण करने वाले कानून से
(c) टकसाल से संबंधित कानून
(d) कृषि संबंधित कर

**28. 'हरिजन' के प्रारंभकर्त्ता थे–**
(a) तिलक (b) गोखले
(c) गाँधीजी (d) नौरोजी

**29. 18 वीं शताब्दी में भारत में लड़े गए युद्धों का निम्नलिखित में से सही कालानुक्रम कौन-सा है?**
(a) वांडीवाश युद्ध–बक्सर युद्ध–अम्बर युद्ध–प्लासी युद्ध
(b) अम्बर युद्ध–प्लासी युद्ध–वांडीवाश युद्ध–बक्सर युद्ध
(c) वांडीवाश युद्ध–प्लासी युद्ध–अम्बर युद्ध–बक्सर युद्ध
(d) अम्बर युद्ध–बक्सर युद्ध–वांडीवाश युद्ध–प्लासी युद्ध

**30. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1905 के बनारस अधिवेशन का अध्यक्ष कौन था?**
(a) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(b) फिरोजशाह मेहता
(c) गोपाल कृष्ण गोखले
(d) दिनशा वाचा

**31. तैमूर के आक्रमण के बाद भारत में किस वंश का राज स्थापित हुआ?**
(a) लोदी वंश (b) सैयद वंश
(c) तुगलक वंश (d) खिलजी वंश

**32. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस सत्र में ''पूर्ण स्वराज'' की घोषणा की गई थी?**
(a) कराची (b) लाहौर
(c) कोलकाता (d) नागपुर

**33. निम्नलिखित प्रधानमंत्रियों में से किसने भारत में क्रिप्स मिशन भेजा?**
(a) जेम्स रैम्से मैक्डोनॉल्ड
(b) स्टैनली बॉल्डविन
(c) नेविल चेम्बरलेन
(d) विंस्टन चर्चिल

**34. अंग्रेजों के विरुद्ध 'भारत छोड़ों आंदोलन' की घोषणा किस वर्ष की गई?**
(a) 1940 में (b) 1942 में
(c) 1946 में (d) 1936 में

**35. निम्नलिखित में से कौन एक उग्रवादी था?**
(a) फिरोजशाह मेहता
(b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) विपिन चंद्र
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36. निम्न में से कौन-सा सुमेलित क्रम में है?**
(a) एनी बेसेंट – यंग इण्डिया
(b) महात्मा गाँधी – न्यू इण्डिया
(c) बी.जी. तिलक – केसरी
(d) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी – मराठा

**37. 1857 ई. की क्रांति में अंग्रेजों व जोधपुर की संयुक्त सेना को पराजित करने वाला था–**
(a) तात्या टोपे
(b) टोंक के नवाब वजीर खां
(c) महाराज रामसिंह
(d) आउवा के ठाकुर कुशाल सिंह

**38. कल्हण की राजतरंगिणी को किसने आगे बढ़ाया ?**
(a) विल्हण एवं मेरुतुंग
(b) विल्हण एवं मम्मट
(c) जोनराज एवं मेरुतुंग
(d) जोनराज एवं श्रीवर

**39. 'बहिष्कृत भारत'' पत्रिका से संबंधित थे–**
(a) आत्माराम पांडुरंग
(b) ज्योतिबा फुले
(c) बाल गंगाधर तिलक
(d) बी. आर. अम्बेडकर

**40. वह व्यक्ति जिसने 4 अप्रैल, 1919 को दिल्ली की जामा मस्जिद के प्रवचन मंच से हिंदू-मुस्लिम एकता पर भाषण दिया, वे थे–**
(a) महात्मा गाँधी
(b) महामना मालवीय
(c) लाला लाजपत राय
(d) स्वामी श्रद्धानंद

**41. गोलकुण्डा को वर्तमान में क्या कहा जाता है?**
(a) हैदराबाद (b) कर्नाटक
(c) बीजापुर (d) बंगलौर

**42. 1857 के विद्रोह को किस उर्दू कवि ने देखा था?**
(a) मीर तर्की मीर (b) जोक
(c) गालिब (d) इकबाल

**43. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जर्नल अबुल कलाम आजाद द्वारा प्रकाशित है?**
(a) अल–हिलाल
(b) कॉमरेड
(c) दि इंडियन सोसियोलाजिस्ट
(d) जमींदार

**44. विजयनगर के उस पहले शासक की पहचान करें जिसने बहमनियों से गोवा को छीना ?**
(a) हरिहर I (b) हरिहर II
(c) बुक्का I (d) देवराय II

**45. कांग्रेस के त्रिपुरी अधिवेशन के पश्चात्, सुभाष चंद्र बोस और दक्षिणपंथी का समस्त झगड़ा किस प्रश्न पर केंद्रित हो गया?**
(a) कांग्रेस कार्यकारिणी समिति का गठन
(b) देशी राज्यों के प्रति नीति
(c) केंद्र सरकार के प्रति रुख
(d) कांग्रेस समाजवादी दल के सदस्यों की दोहरी सदस्यता

**46. निम्न में से कौन, भारत का पहला वाइसराय था?**
(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(b) वॉर्ड वेलेजली
(c) लॉर्ड कैनिंग
(d) रॉबर्ट क्लाइव

**47. राजा राममोहन राय द्वारा ब्रह्म समाज की स्थापना की गई–**
(a) 1816 ई. में (b) 1820 ई. में
(c) 1828 ई. में (d) 1830 ई. में

**48. मंगल पांडे कहाँ के विप्लव से जुड़े हैं?**
(a) बैरकपुर
(b) मेरठ
(c) दिल्ली
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49. मुस्लिम लीग द्वारा पाकिस्तान की स्थापना की माँग करने वाला प्रस्ताव पारित किया गया, वर्ष–**
(a) 1939 में (b) 1940 में
(c) 1941 में (d) 1942 में

**50. निम्नलिखित में से कौन-सा युद्ध भारत में अंग्रेजों के आधिपत्य की स्थापना की दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण समझा जाता है?**
(a) बक्सर (b) प्लासी
(c) श्रीरंगपट्टम (d) वांडीवाश

**51. महात्मा गाँधी द्वारा व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन के लिए प्रथम सत्याग्राही कौन चुना गया?**
(a) जवाहरलाल नेहरू
(b) सरदार पटेल
(c) सरोजनी नायडू
(d) विनोबा भावे

**52. ''इन्कलाब जिंदाबाद'' का नारा किसने दिया था?**
(a) चंद्रशेखर आजाद
(b) सुभाषचंद्र बोस
(c) भगत सिंह
(d) इकबाल

**53. भारत छोड़ों आंदोलन 1942 में किस महीने में शुरु किया गया था?**
(a) जनवरी (b) मार्च
(c) अगस्त (d) दिसंबर

**54. 'पूर्ण स्वराज्य'' की शपथ कांग्रेस के किस अधिवेशन में ली गई थी?**
(a) कलकत्ता (b) लाहौर
(c) इलाहाबाद (d) मद्रास

**55. 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन किस मुद्दे पर शुरु किया गया था?**
(a) भारतीयों के लिए रोजगार के समान अवसर
(b) भगत सिंह को फांसी देने का प्रस्ताव
(c) ब्रिटिश सरकार द्वारा अपनाया गया नमक एकाधिकार
(d) पूर्व स्वतंत्रता

**56. पहले अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की नियुक्ति की थी–**
(a) गवर्नर जनरल ने
(b) ब्रिटिश सम्राट ने
(c) महात्मा गाँधी ने
(d) वायसराय ने

**57. भारत सरकार अधिनियम, 1935 ने समाप्त की–**
(a) प्रांतीय स्वायत्तता
(b) प्रांतीय द्वैध शासन व्यवस्था
(c) भारत की संघीय संरचना
(d) जिम्मेदार केंद्रीय सरकार

**58. स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?**
(a) राजगोपालाचारी
(b) वारेन हेस्टिंग्स
(c) लॉर्ड डलहौजी
(d) लॉर्ड माउंटबेटन

**59. 14-15 अगस्त, 1947 की मध्य रात्रि केंद्रीय असेम्बली में इकबाल का गीत 'हिंदोस्तां हमारा' तथा 'जन-गण-मन' किसने गाया?**
(a) रामेश्वरी नेहरू
(b) मीरा बेन
(c) सुचेता कृपलानी
(d) एम.एस. सुब्बालक्ष्मी

**60. सत्याग्रह के तीन प्रमुख स्वरूप कौन-से हैं?**
(a) क्रांति, जनमत तथा बहिष्कार
(b) असहयोग, सविनय अवज्ञा तथा बहिष्कार

(c) बहिष्कार, सविनय अवज्ञा तथा विद्रोह
(d) असहयोग, क्रांति तथा अस्वीकार (जनमत-संग्रह)

**61. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस सत्र में 'पूर्ण स्वराज्य' प्रस्ताव स्वीकार किया गया?**
(a) 1916 में लखनऊ सत्र
(b) 1924 में बेलगांव सत्र
(c) 1929 में लाहौर सत्र
(d) 1916 में करांची सत्र

**62. मेवाड़ में रागमाला, रसिक प्रिया, गीत गोविंद जैसे विषयों पर लघु चित्र शैली किस शासक के काल में चरम सीमा पर पहुँची ?**
(a) महाराणा प्रताप (1572-1597)
(b) महाराणा अमरसिंह प्रथम (1597 1620)
(c) महाराणा कर्ण सिंह (1620-1628)
(d) महाराणा जगत सिंह (1628-1652)

**63. राजस्थान के किस रजवाड़े ने ब्लू पॉटरी को प्रश्रय दिया?**
(a) बीकानेर (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) जोधपुर

**64. बिश्नोई संप्रदाय के संस्थापक थे–**
(a) रामदेव जी (b) पाबुजी
(c) जांभोजी (d) हड़बुजी

**65. राजस्थान में रुणेता के मेले की वह विशेषता जो सुखी समाज के लिए आवश्यक है–**
(a) निरंतर ईश्वर स्मरण
(b) सांप्रदायिक सद्भाव
(c) सत्य बोलना
(d) स्वच्छता से रहना

**66. विवेकानन्द का मुख्य कार्य क्या था?**
(a) भारतीय संस्कृति का प्रसार
(b) सामाजिक व धार्मिक कार्य के लिये संन्यासियों का प्रशिक्षण
(c) रामकृष्ण परमहंस के संदेश
(d) स्त्रियों व निम्न जातियों के वर्गों का सुधार

**67. जयदयाल और महराव खाँ को किस अंग्रेज अधिकारी से युद्ध करना पड़ा?**
(a) कर्नल राबर्ट (b) जनरल डायर
(c) लॉर्ड कैनिंग (d) लॉर्ड मेरिन

**68. महाराजा गंगासिंह ने किस क्रान्तिकारी के बीकानेर आगमन पर रोक लगाई?**
(a) महात्मा गाँधी
(b) जमनालाल बजाज
(c) हीरालाल शास्त्री
(d) प्रतापसिंह बारहठ

**69. महाकवि 'राजशेखर' किस वंश से सम्बद्ध हैं?**
(a) राठौर वंश (b) प्रतिहार वंश
(c) चावंड वंश (d) चौहान वंश

**70. मौर्यकाल में मध्य प्रदेश (अवन्तिपथ) की राजधानी निम्नलिखित में से थी–**
(a) विराटनगर (b) पाटलिपुत्र
(c) उज्जैन (d) तोषली

**71. निम्नलिखित में से 'उदयसिंह' की धाय माँ थी–**
(a) पन्नाधाय (b) माहम अनगा
(c) हंसाबाई (d) रानी दुर्गावती

**72. प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के समय एरिनपुरा में भी विद्रोह हुआ, एरिनपुरा किस जिले में था?**
(a) अजमेर (b) जालौर
(c) जोधपुर (d) कोटा

**73. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा गलत है ?**
(a) सिसोदिया वंश – आहड़
(b) उदयपुर – तारागढ़
(c) सूरजमल जाट – डीग का किला
(d) अजयपाल – अचलगढ़

**74. 19 वीं सदी से कौन-सा आन्दोलन नहीं हुआ?**
(a) ब्रह्म समाज (b) प्रार्थना समाज
(c) आर्य समाज (d) हिन्दू धर्म सुधार

**75. महारावल जैसल द्वारा जैसलमेर की स्थापना कब की गई थी?**
(a) 1031 में (b) 1113 में
(c) 1156 में (d) 1191 में

**76. सन् 1519 ई. में राणा सांगा रो गागरोण के युद्ध में विजयी होकर मालवा के किस सुल्तान को बन्दी बनाकर चित्तौड़ लें आया था?**
(a) बाज बहादुर
(b) महमूद खिलजी प्रथम
(c) महमूद खिलजी द्वितीय
(d) बहादुरशाह द्वितीय

**77. स्वामी दयानन्द सरस्वती के गुरु थे–**
(a) स्वामी श्रद्धानन्द
(b) स्वामी परमानन्द
(c) रामकृष्ण परमहंस
(d) स्वामी विरजानन्द

**78. कपिल मुनि द्वारा प्रतिपादित दार्शनिक प्रणाली है–**
(a) पूर्व मीमांसा (b) सांख्य दर्शन
(c) न्याय दर्शन (d) उत्तर मीमांसा

**79. शून्यता के सिद्धान्त का सर्वप्रथम प्रतिपादन करने वाले बौद्ध दार्शनिक का नाम है–**
(a) नागार्जुन (b) नागसेना
(c) आनन्द (d) अश्वघोष

**80. एलोरा में गुफाओं तथा शैलकृत मंदिरों का सम्बन्ध है,**
(a) बौद्धों से
(b) बौद्धों तथा जैनों से
(c) हिन्दुओं तथा जैनों से
(d) हिन्दुओं, बौद्धों तथा जैनों से

**81. निम्नांकित युद्धों का सही कालानुक्रम दिये गये कूट से चुनिये–**
**(A) पानीपत का तृतीय युद्ध 1. 1601 ई.**
**(B) हल्दी घाटी का युद्ध 2. 1761 ई.**
**(C) तराइन का द्वितीय युद्ध 3. 1576 ई.**
**(D) असीरगढ़ का युद्ध 4. 1192 ई.**
**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**82. अकबर द्वारा अपनाई गई 'सुलहकुल' (सार्वभौम शान्ति तथा भाईचारा) की अवधारणा निम्नांकित में से किस पर आधारित थी?**
(a) राजनीतिक उदारता
(b) धार्मिक उदारता
(c) उदारवादी सांस्कृतिक दृष्टिकोण
(d) उपरोक्त सभी

**83. निम्नांकित समाज सुधार संगठनों में से किन की स्थापना महाराष्ट्र में हुई थी?**
**1. योग-क्षेम सभा**
**2. श्री नारायण परिपालन सभा**
**3. सरीन सभा**
**नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिये–**
**कूट :**
(a) 1 तथा 2 (b) 1 तथा 3
(c) 2 तथा 3 (d) केवल 1

**84. मुगल सम्राट जिसने सर्वाधिक संख्या में हिंदू अधिकारियों की नियुक्ति की थी का नाम है–**
(a) अकबर (b) औरंगजेब
(c) हुमायूँ (d) शाहजहाँ

**85. जहाँगीर के दरबार में पक्षियों का सबसे बड़ा चित्रकार था–**
(a) ख्वाजा अब्दुलसमद
(b) सैयद अली तबीजी
(c) बसावन
(d) मंसूर

**86. कालिदास द्वारा रचित 'मालविकाग्निमित्र' नाटक का नायक था–**
(a) पुष्यमित्र शुंग
(b) गौतमीपुत्र शातकर्णी
(c) अग्निमित्र
(d) चन्द्रगुप्त— II

**87. हेलियोडोरस का बेसनगर अभिलेख संदर्भित है–**
(a) संकर्षण तथा वासुदेव से
(b) संकर्षण तथा प्रद्युमन से
(c) संकर्षण, प्रद्युमन तथा वासुदेव से
(d) केवल वासुदेव से

**88. निम्नांकित में से कौन-सी घटना महाराष्ट्र में घटित हुई?**
(a) भील विद्रोह (b) कोल विद्रोह
(c) रम्पा विद्रोह (d) संथाल विद्रोह

**89. निम्न में से कौन 'स्वराज पार्टी के गठन से सम्बन्धित थे?**
**1. सुभाष चन्द्र बोस**
**2. सी.आर. दास**
**3. जवाहरलाल नेहरू**
**4. मोती लाल नेहरू**
**कूट :**
(a) 1, 2 ,3 तथा 4
(b) 1, 2 तथा 3
(c) 2 तथा 3
(d) 2 तथा 4

**90. 1857 के बरेली विद्रोह का नेता कौन था?**
(a) खान बहादुर
(b) कुँवर सिंह
(c) मौलवी अहमदशाह
(d) बिरजिस कादिर

**91. निम्नांकित में किस का सुमेलित नहीं है?**
(a) लॉर्ड कार्नवालिस–स्थाई बन्दोबस्त
(b) लॉर्ड वेलेजली–सहायक सन्धि
(c) लॉर्ड डलहौजी–व्यपगत का सिद्धान्त
(d) लॉर्ड कैनिंग–उच्चतम निष्क्रियता

**92. आनन्द मठ उपन्यास की कथावस्तु आधारित है–**
(a) चुआर विद्रोह पर
(b) सन्यासी विद्रोह पर
(c) पालीगर विद्रोह पर
(d) तालुकदारों के विद्रोह पर

**93. कथन (A) : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने माउन्टबेटन योजना को स्वीकार किया।**
**कारण (R) : यह द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त को मानती थी।**
**नीचे दिये गये कूट से अपने उत्तर का चयन कीजिये–**
**कूट :**
(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) A सही है परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है परन्तु R सही है।

**94. 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर रहूँगा' यह कथन तिलक ने सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निम्नांकित अधिवेशन में व्यक्त किया था–**
(a) बनारस (1905)
(b) कलकत्ता (1906)
(c) सूरत (1907)
(d) लखनऊ (1916)

**95. भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन के इतिहास में निम्नांकित घटनाओं पर विचार कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही कालानुक्रम चुनिये–**
**1. असहयोग आन्दोलन**
**2. होमरूल आन्दोलन**
**3. भारत छोड़ो आन्दोलन**
**4. सविनय अवज्ञा आन्दोलन**
**कूट :**
(a) 1, 2 , 3, 4
(b) 2, 1, 3, 4
(c) 2, 1, 4, 3
(d) 1, 2, 4, 3

**96. अन्य रजवाड़ों के भारत में विलय के बाद भी किन तीन राज्यों ने भारत में शामिल होना विलम्बित किया?**
(a) जूनागढ़, मैसूर, जम्मू व कश्मीर
(b) जूनागढ़, हैदराबाद, जम्मू व कश्मीर
(c) उदयपुर, कपूरथला, जम्मू व कश्मीर
(d) हैदराबाद, उदयपुर, ट्रावनकोर

**97. निम्न में से किस के अन्तर्गत भारत में सर्वप्रथम सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना हुई?**
(a) रेग्युलेटिंग अधिनियम – 1773
(b) चार्टर अधिनियम – 1853
(c) भारत सरकार अधिनियम – 1935
(d) भारतीय संविधान – 1950

**98. 1930 के दशक में देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न नेताओं द्वारा किसान आन्दोलन चलाये गये थे। उन्हें उनके प्रभाव क्षेत्रों से सुमेलित कीजिये–**

| | सूची–I | सूची–II |
|---|---|---|
| (A) | सहजानंद सरस्वती | 1. हैदराबाद |
| (B) | खुदाई खिदमतगार | 2. दक्षिण असम |
| (C) | स्वामी रामानन्द | 3. बिहार |
| (D) | अब्दुल हमीद खाँ | 4. एन.डब्ल्यू.एफ.पी. |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**99. फ्रांसिसी दक्कन में शक्ति स्थापित करने में असफल रहे क्योंकि–**
(a) डूप्ले सक्षम सेनापति नहीं था
(b) अंग्रेजों की फौज शक्तिशाली थी
(c) भारतीय लोग फ्रांसिसियों को पसंद नहीं करते थे
(d) पाण्डीचेरी सामरिक केन्द्र नहीं था

**100. निम्नांकित में से किसने क्रान्तिकारियों के एक गुप्त संगठन 'अभिनव भारत' की स्थापना की थी?**
(a) अरविन्द घोष
(b) शचीन्द्र सान्याल
(c) सूर्यसेन
(d) वी.डी. सावरकर

# व्याख्या सहित उत्तर

**1.** (b) प्रश्नगत घटनाओं के कालानुक्रम निम्न हैं–

| | |
|---|---|
| साइमन कमीशन | – फरवरी, 1928 (1927 में नियुक्ति) |
| पूना पैक्ट | – सितंम्बर, 1932 |
| क्रिप्स मिशन | – मार्च, 1942 |
| कैबिनेट मिशन | – मार्च, 1946 |

**2.** (c) सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रान्त में सक्रिय भूमिका निभाने वाले खान अब्दुल गफ्फार खाँ को 'फ्रंटियर गाँधी' अथवा 'सीमांत गाँधी' कहा जाता है।

**3.** (a) 'मदर इंडिया' नामक पुस्तक कैथरीन मेयो द्वारा लिखी गई थी। लाला लाजपत राय ने 'अनहैप्पी इंडिया' बाल गंगधार तिलक ने ' गीता रहस्य,' बिपिन चन्द्र पाल ने 'मेरे जीवन और समय की यादें (दो खण्ड) नामक प्रसिद्ध पुस्तकें लिखी।

**4.** (c) सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस के अध्यक्ष का पद त्याग करने के बाद 3 मई, 1939 को 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की। अगस्त, 1928 में फिरोजशाह कोटला मैदान (दिल्ली) में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में एक बैठक हुई, जिसमें 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपिब्लकन ऐसोसिएशन' की स्थापना की गई। भगतसिंह इसके संस्थापक सदस्यों में थे।

**5.** (b) कांग्रेस के लिए समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से जुलाई, 1889 ई. में लंदन में विलियम डिग्बी की अध्यक्षता में 'ब्रिटिश कमेटी ऑफ इंडिया' की स्थापना की गई। यह 'इण्डियन नेशनल कांग्रेस' की एक समिति थी। इस समिति ने भारतीय मामलों से अंग्रेजों को अवगत कराने के उद्देश्य से 'इंडिया' नामक साप्ताहिक पत्र निकाला।

**6.** (c) एचिंसन की उक्त टिप्पणी खिलाफत और असहयोग आंदोलन (1919-22) के सन्दर्भ में थी। ध्यातव्य है कि तुर्की के प्रश्न पर ब्रिटेन के प्रति आक्रोश ने, मुसलमानों को हिंदुओं के समीप ला दिया था। मुहम्मद अली ने घोषणा की थी कि वह मुसलमान पहले हैं और भारतीय बाद में।

**7.** (c) अलाउद्दीन की लागत व्यवस्था संपूर्ण साम्राज्य के समान रूप से लागू नहीं की जा सकती थी। भूमि की पैमाइश करके किसानों से सरकारी कर्मचारियों द्वारा लगान वसूल किए जाने की व्यवस्था दिल्ली और उसके समीपवर्ती क्षेत्रों में ही लागू की गई थी। अलाउद्दीन पहला सुल्तान था जिसने भूमि की पैमाइश करा कर लगान वसूल करना आरंभ किया। अपनी व्यवस्था को लागू करने के लिए अलाउद्दीन ने एक पृथक विभाग ''दीवान-ए-मुस्तखराज'' की स्थापना की। अलाउद्दीन ने परंपरागत लगान अधिकारियों (खुत्त, मुकद्दम एवं चौधरी) से लगान वसूल करने का अधिकार छीन लिया था। उनके सारे विशेषाधिकार समाप्त कर दिए गए। उनकी भूमि पर से कर लिया जाने लगा और बाकी अन्य सभी कर भी लिए गए जिसके कारण खुत्त (जमींदार) और बलाहार (साधारण किसान) में कोई अंतर नहीं रहा।

**8.** (d) उपर्युक्त विकल्पों में से भारत में रचित सबसे बाद में बौद्ध धर्म ग्रंथ, वासंथपकासिनी था। इसकी रचना दसवीं शताब्दी में हुई थी।

**9.** (b) रेग्युलेटिंग एक्ट का उद्देश्य भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की गतिविधियों को ब्रिटिश सरकार की निगरानी में लाना था इसके अतिरिक्त, कंपनी की संचालक समिति में आमूल-चूल परिवर्तन करना तथा कंपनी के राजनीतिक अस्तित्व को स्वीकार कर उसके व्यापारिक ढांचे को राजनीतिक कार्यों के योग्य बनाना भी इसके उद्देश्यों में शामिल था। 1773 ई. में ब्रिटिश संसद ने इसे पास किया तथा 1774 ई. में लागू किया गया। इस एक्ट के प्रावधानों के अन्तर्गत 1774 में बिहार के लिए एक प्रांतीय सभा की स्थापना हुई।

**10.** (d) चंद्रगिरि के सामंत नरसिंह सालुव ने संगम वंश के अंतिम शासक विरुपाक्ष द्वितीय को पदाच्यूत करके 1486 ई. में सिंहासन पर अधिकार कर लिया एवं एक नवीन राजवंश- 'सालुव वंश' की स्थापना की। उसने 6 वर्षो तक शासन किया। वीर नरसिंह ने सालुव के पुत्र (इम्माडि नरसिंह, सालुव वंश का अंतिम शासक) को पदच्युत करके सिंहासन पर अधिकार कर लिया एवं तुलुव वंश की नींव डाली। 1509 ई. में उसकी मृत्यु के बाद उसका अनुज कृष्णदेव राय (1509-29 ई.) सिंहासनासीन हुआ। कृष्णदेव राय का उत्तराधिकारी उसका भाई अच्युतदेव राय हुआ, जिसने 1529 ई. से 1542 ई. तक शासन किया। अत: उपरोक्त सभी कथन सत्य है।

**11.** (a) 'दीवान-ए-बंदगान' विभाग का गठन फिरोजशाह तुगलक ने किया। यह विभाग दासों की देखरेख करता था। फिरोज के शासनकाल में दासों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। अफीफ के लेखानुसार राजधानी तथा प्रांतों में दासों की संख्या बढ़कर एक लाख 80 हजार हो गई। अलाउद्दीन खिलजी ने राजस्व व्यवस्था से भ्रष्टाचार और लूट को समाप्त करने के लिए एक नए विभाग 'दीवान-ए-मुस्तखराज' की व्यवस्था की। मुहम्मद बिन तुगलक ने संकट की स्थिति में कृषकों को सहायता प्रदान करने के लिए केन्द्र में कृषि विभाग (दीवान-ए-कोही) की स्थापना की। दीवान-ए-अर्ज (सैनिक विभाग) की स्थापना बलबन ने की थी।

**12.** (a) चौरी-चौरा कांड की वास्तविक तिथि 5 फरवरी, 1922 है। इस तिथि को संयुक्त प्रांत के गोरखपुर जिले में चौरी-चौरा नामक स्थान पर किसानों के एक जुलूस पर गोली चलाए जाने के कारण क्रुद्ध भीड़ ने थाने में आग लगा दी,जिसने 21 सिपाहियों की मृत्यु हो गई। यही घटना इतिहास में चौरी-चौरा कांड के नाम से प्रसिद्ध है।

**13.** (d)

**14.** (a) साइमन कमीशन (1927) के प्रत्युत्तर में नेहरू रिपोर्ट (1928) तैयार की गई थी, जिसमें भारत के नए डोमिनियन संविधान का खाका था। इसे तैयार करने वाली सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष मोतीलाल नेहरू थे। जवाहरलाल नेहरू इसके सचिव थे। दो मुस्लिमों सहित कुल 9 अन्य लोग इस समिति के सदस्य थे।

**15.** (b)

**16.** (c)

| **शासक** | | **शासनकाल** |
|---|---|---|
| रजिया | – | 1236-1240 |
| अलाउद्दीन खिलजी | – | 1296-1316 |
| शेरशाह | – | 1540-1545 |
| अकबर | – | 1556-1605 |

**17.** (b) **18.** (b) **19.** (c) **20.** (d) **21.** (d) **22.** (b) **23.** (a)

**24.** (d) सिकंदर लोदी के राज्यारोहण तक लोदी वंश की सत्ता सुदृढ़ रूप में स्थापित हो चुकी थी। अत: उसने भू-राजस्व के सुधार में रूचि ली। उसने सभी प्रांतपतियों एवं जागीरदारों को अपनी आय एवं व्यय का विवरण भेजने की आज्ञा दी तथा भ्रष्ट अधिकारियों को दण्डित किया। सिकंदर लोदी ने भूमि के मापन के लिए एक समान गज का प्रचलन किया जो 'गज-ए-सिकंदरी' के से नाम प्रसिद्ध हुआ। इस गज का प्रयोग कालांतर में शेरशाह तथा अकबर (प्रारंभ से 31 वर्ष तक) के अपने शासन काल मे किया। सुल्तान सिकंदर के अनाज से जकात (आयकर) समाप्त कर दिया। सभी इतिहासकार उसके शासनकाल में सल्तनत की समृद्धि का वर्णन करते हैं।

**25.** (a) स्थायी बन्दोबस्त भू राजस्व से सम्बन्धित व्यवस्था थी।जिसे पूर्ण रूप से 1793 ई. में लॉर्ड कार्नवालिस (1786-93 ई.) द्वारा लागू किया गया था।

**26.** (d) 1906 के कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी में विभाजन की नौबत आ गई थी, लेकिन दादाभाई नौरोजी के अध्यक्ष बनने से संभावित विभाजन उस समय टल गया। दादाभाई नौरोजी को लगभग सभी राष्ट्रवादी एक सच्चा देशभक्त मानते थे। राजनीतिक विचारों से दादाभाई पूर्ण राजभक्त थे। वह समझते थे कि भारत में अंग्रेजी राज्य से बहुत लाभ है और वह उस साहचर्य (Association) के सदा बने रहने में अभिरूचि रखते थे। राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में ही पहली बार दादाभाई ने स्वराज्य की माँग की।

**27.** (a) सल्तनत कालीन प्रशासनिक शब्दावली में जवाबित का संबंध राज्य के कानून से है।

**28.** (c) **29.** (b) **30.** (c) **31.** (b) **32.** (b)

**33.** (d) द्वितीय विश्व युद्ध में भारत की भागीदारी और मदद माँगने के लिए मार्च, 1942 में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल की सरकार में मंत्री सर स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत आया था।

**34.** (b) **35.** (c)

**36.** (c) (i) एनी बेसेंट – न्यू इण्डिया

(ii) महात्मा गाँधी – यंग इंण्डिया

(iii) बी.जी. तिलक – मराठा तथा केसरी

इस प्रकार विकल्प (c) सही सुमेलित है।

**37.** (d) आउवा के ठाकुर कुशाल सिंह ने 1857 ई. की क्रांति में अंग्रेजों और जोधपुर की संयुक्त सेना को पराजित किया था।

**38.** (d) कश्मीर के हिंदू राज्य का इतिहास हमें कल्हण की राजतरंगिणी से ज्ञात होता है। इस ग्रंथ की रचना कल्हण ने राजा जय सिंह (1127-1159 ई. में) के शासन काल में ही थी। कश्मीर के शासक जैनुल आबदीन द्वारा संरक्षित दो विद्वानों जोनराज एवं उनके शिष्य श्रीवर ने कल्हण की राजतरंगिणी का आगे विस्तार किया।

**39.** (d)

**40.** (d) 4 अप्रैल, 1919 को दिल्ली की जामा मस्जिद के प्रवचन मंच से स्वामी श्रद्धानंद ने हिंदू मुस्लिम एकता पर लगभग 30,000 मुस्लिमों के समक्ष भाषण दिया था।

**41.** (a) दक्षिण भारत में हैदराबाद में सात मील पश्चिम में, बहमनी वंश की राजधानी गोलकुंडा के विस्तृत खंडहर फैले हुए है । यह देवगिरी के यादवों तथा वारंगल के काकतीय नरेशों के अधिकार में भी रहा था। मुगल काल में औरंगजेब ने गोलकुंडा के कुतुबशाही वंश का अंत करके उसे अपने साम्राज्य में मिला लियां उस युग में यह हीरों के लिए प्रसिद्ध था।

**42.** (c) प्रश्नगत विकल्पों में दिए गए शायरों में 1857 के विद्रोह को मिर्जा गालिब ने स्वयं अपनी आंखों से देखा था।

**43.** (a) अबुल कलाम आजाद ने 1912 में उर्दू साप्ताहिक अल-हिलाल का प्रकाशन प्रारंभ किया था। 1914 में अल-हिलाल पर प्रेस एक्ट के तहत प्रतिबंध लगा दिया गया था।

**44.** (b) 1377 ई. में बुक्का की मृत्यु के बाद उसका हरिहर द्वितीय (1377-1404 ई.) सिंहासन पर बैठा उसने 'महाराजाधिराज' की उपाधि धारण की उसने कनारा, मैसूर, त्रिचनापल्ली, कांची आदि प्रदेशों को जीता और श्री लंका के राजा से राजस्व वसूल किया। बहमनी राज्य से भी उसका संघर्ष हुआ 1377 ई. में सुल्तान मुजाहिद ने उसके राज्य पर आक्रमण किया किंतु सफल नहीं हुआ। हरिहर द्वितीय की सबसे बड़ी सफलता पश्चिम से बहमनी राज्य से बेलगांव और गोवा छीनना था वह शिव के विरूपाक्ष रूप का उपासक था।

**45.** (a) कांग्रेस के त्रिपुरी अधिवेशन के पश्चात्, सुभाष चंद्र बोस और कांग्रेस के दक्षिणपंथी नेताओं का समस्त झगड़ा कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के गठन के प्रश्न पर केद्रित हो गया। गोविंद बल्लभ पंत द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत कर सुभाष चंद्र बोस से कहा गया कि वे गाँधीजी की इच्छा के अनुसार अपनी कार्यसमिति बनाएँ परंतु गाँधीजी ने इसे अस्वीकार कर सुभाष से अपनी मर्जी की कार्यसमिति बनाने के लिए कहा। सुभाष चंद्र बोस चाहते थे कि कांग्रेस कार्यसमिति में नए विचारों के लोग हों परंतु वे अपनी कार्यसमिति की घोषणा भी नहीं कर रहे थे। वस्तुत: वे चाहते थे कि आने वाले संघर्ष का नेतृत्व तो गाँधीजी करें परंतु संघर्ष की रणनीति सुभाष चंद्र बोस और वामपंथी समूह तय करें पर गाँधीजी इसके लिए राजी नहीं हुए। अंतत: सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

**46.** (c) भारतीय परिषद् अधिनियम, 1858 के तहत ब्रिटिश सम्राट के अधीन नियुक्त भारत का पहला वायसराय लॉर्ड कैनिंग था। यह भारत में ईस्ट इण्डिया कंपनी द्वारा नियुक्त अंतिम गवर्नर जनरल भी था। इसी के समय में 1857 का ऐतिहासिक विद्रोह हुआ था। जिसके बाद शासन कंपनी के हाथों से सीधे ब्रिटिश सरकार के नियंत्रण में ले लिया गया। इन्होंने व्यपगत सिद्धांत या राज्य-विलय नीति को समाप्त कर दिया। इसके काल में 1856 ई. में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित हुआ।

**47.** (c) **48.** (a)

**49.** (b) 23 मार्च, 1940 को मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में प्रसिद्ध 'पाकिस्तान प्रस्ताव' पारित किया गया, जिसका आधार यह था कि ऐसा कोई संविधान मुसलमानों को स्वीकार्य नहीं होगा, जिसमें भारत के पूर्व और पश्चिम के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों को एक स्वतंत्र और सार्वभौम राज्य के रूप में स्वीकार न किया गया हो।

**50.** (a) यद्यपि प्लासी के युद्ध (23 जून, 1757) में विजय ने बंगाल में अंग्रेजी साम्राज्य की नींव डाल दी थी, तथापि बक्सर के युद्ध (22 अक्टूबर, 1764) में विजय के बाद ही भारत में वास्तविक रूप से ब्रिटिश प्रभुसत्ता स्थापित हुई। बक्सर के युद्ध के बाद मुगल सम्राट, बंगाल का नवाब एवं अवध का नवाब तीनों अंग्रेजों के कठपुतली शासक हो गए।

**51.** (d) अगस्त प्रस्ताव को पूरी तरह अस्वीकार करते हुए कांग्रेस ने गाँधीजी के नेतृत्व में व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू किया। यह सत्याग्रह ब्रिटिश सरकार की भारत नीति के प्रति नैतिक विरोध की प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति थी। व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत 17 अक्टूबर, 1940 को हुई । विनोबा भावे प्रथम सत्याग्रही थे तथा पं. जवाहरलाल नेहरू दूसरे।

**52.** (c) **53.** (c)

**54.** (b) कांग्रेस का चौवालीसवां अधिवेशन 29-31 दिसम्बर 1929 ई. को जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में लाहौर में हुआ था। इसी अधिवेशन में पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित किया गया। 31 दिसम्बर, 1929 को अर्थरात्रि के समय जवाहरलाल नेहरू ने रावी नदी के तट पर स्वतंत्रता का द्योतक 'तिरंगा' फहराया। 26 जनवरी, 1930 को स्वतंत्रता दिवस मनाने का निश्चय किया गया था।

**55.** (c) सविनय अवज्ञा आंदोलन 12 मार्च, 1930 को गाँधीजी की प्रसिद्ध दांडी मार्च के साथ अहमदाबाद से आरंभ हुआ। गाँधीजी 6 अप्रैल, 1930 को दांडी पहुँचे, समुद्र तल से मुट्ठी भर नमक उठाया, इस प्रकार ब्रिटिश सरकार द्वारा अपनाये गए नमक एकाधिकार को तोड़ दिया। यह इस बात का प्रतीक था कि भारतीय जनता अब ब्रिटिश कानूनों और ब्रिटिश शासन के अंतर्गत जीने के लिए तैयार नहीं है। इस प्रकार आंदोलन तो तत्कालिक मुद्दे नमक एकाधिकार को लेकर शुरू किया गया था। परंतु इसका दीर्घकालिक लक्ष्य पूर्ण स्वराज्य था। इस प्रकार अभीष्ट विकल्प (c) नहीं है।

**56.** (a) पहले अवसर पर पं. जवाहरलाल नेहरू की भारत के प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन ने की थी।

**57.** (b)

**58.** (d) स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन (1947-48) और प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी (1948-50) थे।

**59.** (d)

**60.** (b) सत्याग्रह के तीन प्रमुख स्वरूप- असहयोग, सविनय अवज्ञा तथा बहिष्कार है।

**61.** (c)

**62.** (b) महाराणा अमरसिंह प्रथम के शासनकाल को मेवाड़ की चित्रकला के इतिहास में स्वर्ण युग माना जाता है। पंचतंत्र, गीत गोविंद, रस मंजरी, महाभारत, रामायण तथा रसिक प्रिया से संबंधित चित्र मेवाड़ शैली के प्रमुख चित्रों में से है।

**63.** (c)

**64.** (c) बिश्नोई संप्रदाय के संस्थापक/प्रवर्तक जांभोजी है ।

**65.** (b) राजस्थान के प्रसिद्ध सुधारक संत रामदेवजी के समाधि स्थल रामदेवतरा (रुणेता) में भाद्रपद शुक्ल द्वितीया से एकादशी तक विशाल मेला लगता है। जो किस सांप्रदायिक सद्भाव के लिए प्रसिद्ध है। रामदेव जी ने 'कागड़िया पथ' चलाया था। वे जातिप्रथा के विरोधी तथा हिंदू-मुस्लिम एकता के पक्षधर थे। हिंदू उन्हें श्रीकृष्ण के अवतार के रूप में तथा मुसलमान उन्हें, 'रामशाह पीर' के रूप में पूजते हैं।

**66.** (b) **67.** (b) **68.** (b) **69.** (b) **70.** (c)
**71.** (a) **72.** (c) **73.** (d) **74.** (d) **75.** (c)
**76.** (c) **77.** (d)

**78.** (b) सांख्य दर्शन भारत का अत्यंत प्राचीन एवं प्रमुख दार्शनिक सम्प्रदाय है। इसके प्रर्वतक महर्षि कपिल थे। जिन्होंने संभवत: सातवीं शताब्दी ई.पू. में इस दर्शन के सूत्रों की रचना की। पूर्व मीमांसा (मीमांसा) के प्रर्वतक जैमिनी न्याय दर्शन के प्रवर्तक महर्षि गौतम तथा उत्तर मीमांसा (वेदांत) के प्रवर्तक वादरायन हैं।

**79.** (a) शून्यता के सिद्धान्त का प्रर्वतन नागार्जुन ने किया था। नागार्जुन की प्रसिद्ध रचना माध्यमिक कारिका है। इसे सापेक्षवाद भी कहा जाता है। नागार्जुन ने यह स्पष्ट किया कि परम तत्व के विषय में हम अपनी चारों कोटियों के द्वारा ज्ञान नहीं प्राप्त कर सकते हैं। अत: इसके विषय में कोई कथन या विशेषण युक्तिसंगत नहीं है। जिस प्रकार शंकराचार्य ने ब्रह्म को निरवचीय कहा उसी प्रकार नागार्जुन उसे शून्य कहते हैं।

**80.** (d) एलोरा महाराष्ट्र में औरंगाबाद से 30 किलोमीटर एवं अजंता से लगभग 97 किलोमीटर दूर है। यहाँ मंदिरों के तीन समूह हैं। प्रथम समूह बौद्ध मंदिरों का, दूसरा ब्राह्मण धर्म का तथा अंतिम जैन धर्म का है। राजा कृष्ण प्रथम ने प्रसिद्ध कैलाश मंदिर का निर्माण करवाया था। सारे मंदिर चौथी शताब्दी से बारहवीं शताब्दी के मध्य निर्मित हुए।

**81.** (c) (A) पानीपत का III युद्ध 2. 1761 ई. में
(B) हल्दीघाटी का युद्ध 3. 1576 ई. में
(C) तराइन का द्वितीय युद्ध 4. 1192 ई. में
(D) असीरगढ़ का युद्ध 1. 1601 ई. में

**82.** (d) अकबर द्वारा अपनाई गई सुलह-ए-कुल (Peace-to-All) नीति उसके उदारवादी व्यक्तित्व एवं साम्राज्य के स्थायित्व के लिए उपयुक्त थी। अकबर धार्मिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं करना चाहता था। वह सार्वभौमिक प्रजा का सिद्धान्त का पोषण करता था। ऐसा करके उसने राजपूतों का सहयोग प्राप्त किया। साम्राज्य का विस्तार किया और दीर्घकालीन सुशासन पाया। उसके नौ रत्नों में हिन्दू एवं मुसलमान दोनों धर्मों के अनुयायी थे।

**83.** (d) सामाजिक संगठनों में सरीन सभा की स्थापना पंजाब में, योग-क्षेम सभा की स्थापना महाराष्ट्र में, तथा श्री नारायण परिपालन सभा की स्थापना केरल में हुई, तीनों संगठनों की स्थापना अलग-अलग राज्यों में हुई।

**84.** (b) औरंगजेब के शासन काल (1658—1707) में हिन्दू मनसबदारों की संख्या 33% थी जबकि अकबर के समय 16% जहांगीर के समय 20% और शाहजहाँ के समय 24% थी। औरंगजेब के हिन्दू मनसबदारों में आधे मनसबदार मराठे थे।

**85.** (d) जहांगीर का चित्रकला के प्रति विशेष अनुराग था, अत: उसने अपने दरबार में इस विद्या में निपुण कलाकारों को संरक्षण प्रदान किया। प्रमुख चित्रकारों में अबुल हसन, उस्ताद मंसूर, फारुख बेग तथा विशनदास के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। अबुल हसन जहाँगीर कर सर्वप्रिय चित्रकार था जिसे बादशाह ने नादिर-उल-जमा की उपाधि से विभूषित किया। उस्ताद मंसूर पक्षियों का सबसे बड़ा चित्रकार था, जिसे बादशाह ने 'नादिर-उल- अस्र' की उपाधि से अलंकृत किया। मंसूर की महत्वपूर्ण कृति में 'साइबेरिया का विरला सारस'एवं बंगाल का एक पुष्प है।

**86.** (c) गुप्त युगीन संस्कृति भाषा के श्रेष्ठ कवि, नाटककार महाकवि कालिदास ने कुल 7 ग्रन्थों का प्रणयन किया। प्रमुख नाटक 'मालविकाग्निमित्र' का नायक शुंग वंशीय शासक अग्निमित्र है। जबकि इसकी नायिका मालविका रानी की सेविका है। उक्त ग्रन्थ में अग्निमित्र एवं मालविका की प्रणय कथा का निरूपण है। कालिदास की अन्य कृतियों में रघुवंशम, मेघदूतम, कुमारसंभव, ऋतुसंहार आदि हैं।

**87.** (d) धर्म एवं दर्शन के क्षेत्र में यूनानियों ने भारतीय धर्म से बहुत कुछ सीखा। सम्राट मेनाण्डर ने नागसेन से प्रभावित होकर बौद्ध धर्म ग्रहण किया। वहीं दूसरी ओर एण्टिपाल कीड्स के राजदूत हेलियोडोरस ने भागवत धर्म को स्वीकार किया। उसने बेसनगर (विदिशा) में गरुड्ध्वज की स्थापना की।

**88.** (a) भील जनजाति पश्चिम भारत के खान देश में रहने वाली जाति है। सन् 1817–25 के दौरान बम्बई प्रेसीडेन्सी में भूराजस्व बन्दोबस्त के समय विद्रोह हुआ इसे भील विद्रोह के नाम से जानते हैं। कोल विद्रोह छोटा नागपुर संथाल विद्रोह बिहार के राजमहल क्षेत्र में तथा रम्पा विद्रोह आंध्र प्रदेश में हुआ था।

**89.** (d) 1 जनवरी, 1923 को चितरंजन दास ने मोती लाल नेहरू, बिट्ठल भाई पटेल, मदन मोहन मालवीय और जयकर के साथ मिलकर इलाहाबाद में कांग्रेस से अलग होकर स्वराजपार्टी की स्थापना की जिसके अध्यक्ष चितरंजन दास एवं सचिव मोती लाल नेहरू बनाये गये। स्वराज्यवादियों ने विधान मण्डलों के चुनाव लड़ने व विधान मण्डलों में पहुँचकर सरकार की आलोचना की नीति बनाई।

**90.** (a) 1857 के विद्रोह का नेतृत्व खान बहादुर ने बरेली में किया था। कुँवर सिंह ने आरा (बिहार) में मौलवी अहमद शाह ने अवध में विरजिंस कादिर ने लखनऊ में विद्रोह का नेतृत्व किया था। इसके अतिरिक्त झाँसी में रानी लक्ष्मीबाई एवं कानपुर में नाना साहब ने विद्रोह का नेतृत्व किया था।

**91.** (d) उच्चतम निष्क्रियता की नीति गर्वनर जनरल लॉर्ड जान लारेंस से सम्बन्धित है। यह नीति अफगानिस्तान से सम्बन्धित थी। अन्य विकल्प सुमेलित है।

**92.** (b) 'आनन्द मठ' की कथावस्तु संन्यासी विद्रोह पर आधारित है। 'आनन्द मठ' की रचना बंकिम चन्द्र चटर्जी ने किया था। हमारा राष्ट्रीय गीत -वन्दे मातरम्' इसी ग्रन्थ से लिया गया है। अंग्रेजों की शोषणकारी नीतियों के विरुद्ध संन्यासी विद्रोह (1760), प्रथम विद्रोह था।

**93.** (c) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जून, 1947 में माउण्ट बेटन योजना को स्वीकार किया था। माउण्ट बेण्टन योजना द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त कके उद्भव एवं विकास में कभी कोई प्रत्यक्ष योगदान नहीं दिया। साम्प्रदायिक दंगे से उपजी नाजुक परिस्थितियाँ द्वि-राष्ट्र सिद्धान्त को एकमात्र विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रही थी। कांग्रेस ने केवल परिस्थितियों

से समझौता किया था। शेष भारत में कोई भेदभाव की नीति नहीं अपनायी गई।

**94.** (d) बाल गंगाधर तिलक (1856—1920) भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन के समय राष्ट्रीय कांग्रेस के उग्र विचारों के पक्ष को नेतृत्व प्रदान करते थे। तिलक ब्रिटिश साम्राज्य से संघर्ष को तीव्र करना चाहते थे। तिलक ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लखनऊ (1916) अधिवेशन में कहा कि 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है, मैं इसे लेकर रहूँगा।' इससे पहले दादाभाई नौरोजी 1906 में कांग्रेस के मंच से स्वराज की माँग प्रस्तुत कर चुके थे।

**95.** (c)

| **सूची—I (स्वतंत्रता आन्दोलन की घटनाएँ)** | **सूची (वर्ष)** |
|---|---|
| 2. होमरूल आन्दोलन | 1. 1916 |
| 1. असहयोग आन्दोलन | 2. 1920 |
| 4. सविनय अवज्ञा आन्दोलन | 3. 1930 |
| 3. भारत छोड़ो आन्दोलन | 4. 1942 |

**96.** (b) कश्मीर का भारत में विलय 17 अक्टूबर, 1948 को राजा हरीसिंह के भारत में विलय पत्र पर हस्ताक्षर करने से हुआ। हैदराबाद का विलय तत्कालीन गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा करवायी गयी पुलिस कार्यवाही से 17 सितम्बर, 1947 को संभव हुआ। जूनागढ़ का शासक पाकिस्तान भाग गया फलत: जनमत संग्रह को आधार बनाकर इसे 9 नवम्बर, 1948 को भारत संघ में विलय सुनिश्चित किया गया।

**97.** (a) रेग्यूलेटिंग एक्ट 1773 द्वारा कलकत्ता में एक सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Court of Judicature) की स्थापना का प्रावधान किया गया। इसके अधिकार क्षेत्र में कलकत्ता में रहने वाले सभी भारतीय तथा अंग्रेज थे। कलकत्ता से बाहर रहने वाले भारतीयों के झगड़ों को यह न्यायालय तभी सुन सकता था जब दोनों पक्ष इसके लिए स्वीकृति दे दें। सर एलिजा इम्पे इसके प्रधान न्यायाधीश तथा चैम्बर्स, लिमैस्टर तथा हाइड तीन अन्य न्यायाधीश नियुक्त किये गये।

**98.** (b)

| **सूची—I (किसान नेता)** | **सूची—II (प्रभाव क्षेत्र)** |
|---|---|
| (A) सहजानन्द सरस्वती | 3. बिहार |
| (B) खुदाई खिदमतगर | 4. एन. डब्ल्यू. एफ.पी. (उत्तरी पश्चिमी सीमा प्रांत) |
| (C) स्वामी रामानंद | 1. हैदराबाद |
| (D) भारत छोड़ो आन्दोलन | 2. दक्षिणी असम |

**99.** (b) फ्रांसीसियों की पराजय के निम्नलिखित कारण थे–

1. फ्रांसीसियों को यूरोप में उलझना,
2. दोनों देशों की प्रशासनिक भिन्नताएँ
3. दोनों कम्पनियों के गठन में भिन्नता,
4. नौ सेना की भूमिका
5. बंगाल में अंग्रेजों की सफलता का प्रभाव,
6. दोनों कम्पनियों का राजनैतिक नेतृत्व, एवं
7. डूप्ले का उत्तरदायित्व। उक्त कारणों में सर्वाधिक प्रभावी कारण अंग्रेजों की सैनिक श्रेष्ठता थी। **एच.एच. डॉडवैल** के अनुसार ''सामुदायिक शक्ति का प्रभाव ही मुख्य कारण था जो अंग्रेजी सफलता का कारण बना यद्यपि फ्रांसीसी बेड़ा कभी भी पूर्णरूपेण नष्ट नहीं हुआ परन्तु तीनों झड़पों के फलस्वरूप अंग्रेजों को अजेय वरिष्ठता प्राप्त हो गई।''

**100.** (d) 1899 में नासिक में मित्र मेला नामक एक क्रांतिकारी संस्था की स्थापना हुई जिसमें 1907 में अभिनव भारत नामक संगठन अस्तित्व में आया। इसके संस्थापक गणेश सावरकर तथा विनायक सावरकर थे। अभिनव भारत एक ऐसी संस्था थी जिसमें युवकों को क्रांति के लिए प्रशिक्षित किया जाता तथा युद्ध कला सिखायी जाती थी। अभिनव भारत ने पांडुरंग महादेव बापत को बम बनाने की तकनीक सिखाने के लिए रूस भेजा था। कोल्हापुर बम केस में इस संस्था से जुड़े क्रांतिकारियों को लम्बी सजाएँ हुईं।

❑❑❑